बारिश के बाद लोगों को भीषण गर्मी से मिली राहत

राजधानी दिल्ली में आई तेज आंधी, 40 से 70 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं हवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में 31 मई 2025 शनिवार शाम को कई क्षेत्रों में तेज धूल भरी आंधी व बारिश के बाद लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। इस बारे में प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) ने बताया कि दिल्ली के कई इलाकों में शनिवार शाम को 40 से 70 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज धूल भरी हवाएं चलीं। जिसमें नजफगढ़ में हवा की गति 46 किलोमीटर प्रति घंटा, नारायणा में 41 किलोमीटर प्रति घंटा, पीतमपुरा में 31 किलोमीटर प्रति घंटा, पालम में 56 किलोमीटर प्रति घंटा और प्रगति मैदान में 48 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। आईएमडी ने बताया कि दिल्ली मं शाम 4.15 से 4.30 बजे के बीच ये हवाएं चलीं। आईएमडी का कहना है कि दिल्ली शहर के मुख्य मौसम केंद्र सफदरजंग में शाम 4.30 बजे हवा की गति 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई, तथा दोपहर 3.30 बजे से शाम 5 बजे के बीच तापमान में लगभग छह डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। शनिवार सुबह से ही सूरज के तेवर सख्त दिखे जिसके चलते अधिकतम तापमान बढ़कर 39.7 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान की श्रेणी में रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 25.8 दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान की श्रेणी से 1.1 डिग्री नीचे रहा। दिल्ली में कहीं भी अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक नहीं पहुंचा। दिनभर धूप रही लेकिन चार बजे के बाद मौसम ने करवट ली और तेज धूल भरी आंधी ने कई क्षेत्रों में दस्तक दी। जिसके बाद कई जगह बारिश हुई और देखते ही देखते दिल्ली का मौसम सुहाना हो गया। वहीं देर रात आठ बजे के बाद एक बार फिर राजधानी में कई जगह बारिश देखने को मिली।

आईएमडी ने पहले ही येलो अलर्ट किया था जारी

प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने पहले ही ऐसे मौसम के लिए येलो अलर्ट जारी किया था। ताजा अनुमान व्यक्त करते हुए आईएमडी ने कहा है कि वीकेंड रविवार से लेकर अगले चार पांच दिन राजधानी में मौसम सुहाना बना रहने की संभावना है। इस दौरान आसमान पर आंशिक बादल देखे जा सकते है, कहीं कहीं बूंदाबांदी भी दर्ज होने की संभावना है। आईएमडी की माने तो इस दौरान दिल्ली में दो डिग्री तापमान में गिरावट भी राहत दे सकती है। जबकि 30-60 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं चलने का अनुमान है। आईएमडी का अनुमान अगर सही साबित हुआ तो तय है कि आने वाले इन दिनों में भी दिल्ली वालों को लू की मार से राहत मिलना जारी रहेगा। बता दें कि आमतौर पर भीषण गर्मी वाला माह माने जाने वाले मई में दिल्ली में इस बार भीषण गर्मी और हीटवेव यानी लू वाला एक भी दिन दर्ज नहीं किया गया, जबकि पिछली बार शहर में मई में छह दिन भीषण गर्मी पड़ी थी। बता दें कि इस बार झमाझम बारिश ने मई महीने के सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए सामान्य से 202 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की है। वैसे मई माह में सामान्य मासिक वर्षा 62.6 मिमी होती है, परन्तु इस वर्ष कुल वर्षा सामान्य से 202 प्रतिशत अधिक है। जिसके चलते बारिश ने गत लगभग 125 साल के पुराने रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में एक मई से 30 मई तक 188.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो अब तक का सबसे अधिक वर्षा वाला मई महीना रहा। जबकि पिछला रिकॉर्ड मई 2008 का है जब 165 मिमी वर्षा हुई थी। वहीं इसके विपरीत, मई 2024 में केवल 0.4 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो मासिक औसत से 99 प्रतिशत कम थी। इस बार मई में दिल्ली में भीषण गर्मी और हीटवेव यानी लू नहीं चली।

शीघ्र महिला सम्मान निधि देना शुरू करेगी भाजपा सरकार : सचदेवा

नई दिल्ली। भाजपा सरकार ने 2025-26 के बजट में 5100 करोड़ रूपए की राशि महिला सम्मान निधि के लिए आरक्षित की है और अब मंत्री समिति उसको लागू करने की नीति बना रही है और हम शीघ्र इसे देना शुरू करेंगे। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शनिवार को यह बयान जारी किया। उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधते हुए कहा है कि आप जब सरकार में थी तब भी एक आपदा थी और आज जब विपक्ष में है तब भी आपदा है, इन्हें सत्ता में रहते महिला सम्मान निधि के नाम पर दिल्ली एवं पंजाब की महिलाओं को धोखा दिया और आज भी भ्रमित करना चाह रहे हैं।

आज महिला सम्मान निधि को लेकर केजरीवाल का आपदा दल प्रदर्शन कर रहा है, हमसे सवाल कर रहा पर इन्हीं आपदा वालों ने फरवरी 2024 में 2024-25 का बजट प्रस्तुत करते हुए दिल्ली की महिलाओं को 1000 रुपए मासिक देने की घोषणा की थी पर सत्ता सुख भोग कर चले गये पर पूरे साल में महिलाओं को नही दी। सचदेवा ने कहा है कि इसी तरह की महिला सम्मान राशि देने की घोषणा केजरीवाल की पंजाब की आपदा सरकार ने 2022 में की थी पर सत्ता के 3 साल बाद भी किसी महिला को एक रुपया नहीं दिया।

सूर्या इंडिया लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : बी-1/एफ-12, मोहन को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, मथुरा रोड, नई दिल्ली-110044
CIN: L74899DL1985PLC019991; Tel.: +91 11 45204115; Fax: +91 11 28898016
Email: cs@haldiram.com; website: www.suryaindialtd.com

31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वित्तीय वर्ष हेतु वित्तीय परिणामों का सार
(रु. लाखों में) ईपीएस को छोड़कर

क्र. सं.	विवरण	समाप्त तिमाही		समाप्त वर्ष	
		31.03.2025 अअंकेक्षित	31.03.2024 अअंकेक्षित	31.03.2025 अंकेक्षित	31.03.2024 अंकेक्षित
1	प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध)	125.59	107.11	546.93	454.1
2	कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ /(हानि)	1401.83	1059.61	1,540.61	1,151.59
3	कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ /(हानि)	1401.83	1059.61	1,540.61	1,151.59
4	कर के बाद और असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ /(हानि)	1146.3	858.44	1250.32	928.69
5	अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)]	(463.06)	(907.23)	(356.29)	(834.66)
6	भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रत्येक के)	698.58	698.58	698.58	698.58
7	रिजर्व्स (पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर)	-	-	11,255.17	12,310.03
8	अर्जन प्रति शेयर (ईपीएस) (रु. 10 प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु)				
	1. बेसिक :	16.41	12.29	17.90	13.29
	2. डायल्युटेड :	16.41	12.29	17.90	13.29

टिप्पणी :-
1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015, समय-समय पर संशोधित अनुसार के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये तैमाहिक और समाप्त वर्ष के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक और वर्ष से तिथि तक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट (www.suryaindialtd.com) पर उपलब्ध है। इनको नीचे क्यूआर कोड स्कैन करके देखा भी जा सकता है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा और अनुशंसा ऑडिट कमेटी द्वारा की गई और 29.05.2025 को आयोजित इसकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये।
3. प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) में अन्य आय शामिल नहीं है।
4. पूर्ववर्ती तिमाही/वर्ष के आंकड़े, वर्तमान तिमाही / वर्ष ग्रुपिंग सहित अनुकूल बनाने के लिए, जहां आवश्यक समझा गया, रिग्रुपड और रिअरेंज्ड कर लिये गये हैं।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 29.05.2025

कृते सूर्या इंडिया लिमिटेड
हस्ता/-
प्रीति अग्रवाल
प्रबंध निदेशक
डीआईएन 00011450

एमसीडी 311 ऐप का उपयोग करके नागरिक समस्याओं की करें रिपोर्ट : एमसीडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- ऐप का उपयोग करके स्वच्छ, हरित और स्वस्थ शहर बनाने में निभाए भागीदारी

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) प्रशासन समय-समय पर दिल्ली के नागरिकों से अनुरोध करता रहता है कि एमसीडी 311 ऐप का उपयोग करें और नागरिक समस्याओं को यहां रिपोर्ट करें ताकि निगम समय रहते कार्यवाही कर सके। एमसीडी सभी नागरिकों से 311 मोबाइल ऐप का उपयोग करके स्वच्छ, हरित और स्वस्थ शहर बनाए रखने में सक्रिय भागीदारी करने की फिर से अपील कर रहा है कि वे आज ही प्ले स्टोर से एमसीडी 311 ऐप डाउनलोड करें और दिल्ली को एक स्वच्छ और हरा-भरा शहर बनाने के निगम के लक्ष्य को साकार करने में योगदान दें। इस ऐप के माध्यम से सभी नागरिक प्रदूषण, स्वच्छता और किसी भी अन्य नागरिक कार्य से संबंधित समस्याओं को रिपोर्ट कर सकते हैं, जिससे विभाग की संबंधित टीमों तक शीघ्रता से जानकारी पहुंचाई जा सके।

एमसीडी प्रशासन ने बताया कि निगम का यह संकल्प है कि वह दिल्ली को सभी के लिए स्वच्छ बनाने के लिए लगातार कार्य करता रहे। प्रशासन ने सभी शिकायतों के समाधान के प्रति तीव्रता और प्रतिबद्धता व्यक्त की और बताया कि दिल्ली को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के हमारे मिशन में नागरिकों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। एमसीडी 311 ऐप के माध्यम से, निगम शिकायत पंजीकरण को सरल बना रहा है, और समस्याओं को सीधे संबंधित क्षेत्रों में भेज कर तेजी से जमीनी कार्रवाई सुनिश्चित कर रहा है। इस प्रयास में निगम प्राप्त शिकायतों का 3-4 दिनों के भीतर समाधान कर रहा है, जो दिल्ली के निवासियों को अच्छी सेवाएं प्रदान करने की निगम की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

दिल्ली के ट्रांसपोर्ट व्यवसायी ने कमर कसी अवैध माल ढुलाई और कर चोरी पर हुए सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के प्रमुख ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों ने एकजुट होकर यह निर्णय लिया है कि अब किसी भी प्रकार की बिना बिल या बिना ई-वे बिल की बुकिंग को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए ट्रांसपोर्ट व्यवसायी ने कमर कसते हुए निर्णय लिया है कि अवैध माल ढुलाई और कर चोरी से किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस बारे में ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने बताया कि अवैध माल ढुलाई और कर चोरी को रोकने के लिए दिल्ली में ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों की विशेष टीमें बनेगी। यह टीमें दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर औचक निरीक्षण करेंगी। उन्होंने बताया कि अगर टीम को कहीं भी मालवाहक वाहन में बिना बिल या अवैध माल मिलता हो तो उस पर कार्रवाई की जागए। इसके अलावा प्रतिबंधित सामान जैसे पान मसाला, गुटका, स्क्रैप, नकली विदेशी सिगरेट आदि या किसी भी रूप में जी.एस.टी. की चोरी जैसा कोई भी मामला आया तो संबंधित ट्रक को तुरंत जी.एस.टी. विभाग के कंट्रोल रूम अथवा पुलिस के हवाले कर दिया जाएगा। कपूर ने कहा कि इसके अलावा हमारी टीमें अवैध सवारी बसों पर भी कड़ी निगरानी रखेगी। जिसके तहत अगर किसी भी बस द्वारा कानून का उल्लंघन करते हुए कोई अवैध गतिविधि पाई जाती है तो उसकी सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल ट्रांसपोर्ट सेक्टर को पारदर्शी और कानून सम्मत बनाने की दिशा में है, बल्कि उन ईमानदार ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को भी सशक्त व मजबूत करेगा जो नियमों का पालन करते हैं। कपूर ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम खुद व्यवस्था सुधारें और ईमानदार व्यापारियों का साथ दें।

फॉर्च्यून इंटरनेशनल लि.
CIN : L52324DL1981PLC012033
पंजी. कार्यालय : जी-4, कम्यूनिटी सेंटर, नारायणा विहार, नई दिल्ली-110028
E- Mail ID for investors: rekha.srivastava2016@gmail.com Tel: 011-25774212-214, 25771629

31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही / वर्ष हेतु अंकेक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों का सार
(आंकड़े लाखों में)

विवरण	स्टैंडअलोन परिणाम					समेकित परिणाम				
	समाप्त तिमाही 31.03.2025 (अंकेक्षित)	समाप्त तिमाही 31.12.2024 (अअंकेक्षित)	समाप्त तिमाही 31.03.2024 (अंकेक्षित)	समाप्त वर्ष 31.03.2025 (अंकेक्षित)	समाप्त वर्ष 31.03.2024 (अंकेक्षित)	समाप्त तिमाही 31.03.2025 (अंकेक्षित)	समाप्त तिमाही 31.12.2024 (अअंकेक्षित)	समाप्त तिमाही 31.03.2024 (अंकेक्षित)	समाप्त वर्ष 31.03.2025 (अंकेक्षित)	समाप्त वर्ष 31.03.2024 (अंकेक्षित)
प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध)	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-
अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व)	-2.04	-2.79	-3.83	79.23	73.91	-2.04	-2.79	-3.84	-10.65	-15.97
कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद)	-2.04	-2.79	-3.83	79.23	73.91	-2.04	-2.79	-3.84	-10.65	-15.97
कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद)	-1.53	-2.09	-2.87	59.29	54.78	-1.53	-2.09	-2.87	-30.59	-35.09
अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)]	-1.53	-2.09	-2.87	59.29	54.78	58.06	63.28	195.69	426.66	502.14
भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल	704.00	704.00	704.00	704.00	704.00	704.00	704.00	704.00	704.00	704.00
रिजर्व्स (पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर)	-	-	-	-232.63	-291.92	-	-	-		3205.81
अर्जन प्रति शेयर (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) बेसिक :	-0.02	-0.03	-0.04	0.84	0.78	0.73	0.90	2.82	5.96	7.18
डायल्युटेड :	-0.02	-0.03	-0.04	0.84	0.78	0.73	0.90	2.82	5.96	7.18

परिसम्पत्तियों और देनदारियों का अंकेक्षित विवरण

क्र. सं.	विवरण	स्टैंडअलोन		समेकित	
		31 मार्च 2025 के अनुसार राशि लाखों में	31 मार्च 2024 के अनुसार राशि लाखों में	31 मार्च 2025 के अनुसार राशि लाखों में	31 मार्च 2024 के अनुसार राशि लाखों में
I.	परिसम्पत्तियां				
1	गैर वर्तमान परिसम्पत्तियां				
	(ए) सम्पत्ति, प्लांट और उपकरण	-	-	-	-
	(बी) चालू कार्य पूंजी	4.29	-	4.29	
	(बी) वित्तीय परिसम्पत्तियां				
	(i) निवेश	370.31	370.31	4235.41	3868.04
	(सी) अन्य गैर-वर्तमान परिसम्पत्तियां	-	-	-	-
		374.6	370.31	4239.7	3868.04
2	वर्तमान परिसम्पत्तियां				
	(ए) वित्तीय परिसम्पत्तियां				
	(i) नकद एवं नकद समकक्ष	134.94	84.61	134.94	84.61
	(बी) वर्तमान कर परिसम्पत्तियां (शुद्ध)	1.99	1.14	1.99	1.14
	(सी) अन्य वर्तमान परिसम्पत्तियां	4.8	2.59	4.8	2.59
		141.73	88.34	141.73	88.34
	कुल	516.33	458.65	4381.43	3956.38
II.	इक्विटी और देनदारियां				
	इक्विटी				
	(ए) इक्विटी शेयर कैपिटल	704	704	704	704
	(बी) अन्य इक्विटी	-232.63	-291.92	3632.46	3205.81
	कुल इक्विटी	471.37	412.08	4336.46	3909.81
	देनदारियां				
1	गैर वर्तमान देनदारियां				
	(ए) वित्तीय देनदारियां				
	(i) उधार	43	43	43	43
		43	43	43	43
2	वर्तमान देनदारियां				
	(ए) वित्तीय देनदारियां				
	(i) भुगतान योग्य ट्रेड	-	-		
	(ए) एमएसई के अतिरिक्त क्रेडिटर्स को देय कुल बकाया	1.53	3.01	1.53	3.01
	(ए) अन्य वर्तमान देनदारियां	0.43	0.56	0.43	0.56
		1.96	3.57	1.96	3.57
	कुल	516.33	458.65	4381.42	3956.38

विस्तृत वित्तीय परिणामों हेतु ⇨ क्यूआर कोड स्कैन करें

टिप्पणी :
उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग और अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट http://www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट http://www.fortuneinternational.in पर भी उपलब्ध हैं।

कृते फॉर्च्यून इंटरनेशनल लि.
हस्ता/-
(निवेदन भारद्वाज)
प्रबंध निदेशक
(डीआईएन-00040191)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 30.05.2025

लूट के प्रयास के दौरान पड़ोसी ने की थी लड़की की हत्या, गिरफ्तार

एजेंसी, नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के द्वारका इलाके में जो लड़की घर में मृत पाई गई थी, उसकी कथित हत्या पड़ोसी ने की थी और वह मादक पदार्थों के लिए पैसा जुटाने के लिए घर में लूट डालने के लिए आया था। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी अनस (23) को शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात गिरफ्तार किया गया। किशोरी (13) का शव तीन मंजिला इमारत की छत पर एक बंद कमरे में मिलने के कुछ घंटों बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह ने कहा, ₹अनस किशोरी के परिवार को जानता था और लूट के इरादे से घर में घुसा था। जब किशोरी ने उसे देखा और शोर मचाया तो वह घबरा गया और पकड़े जाने के डर से उसने किशोरी का गला घोंट दिया और इसके बाद वह मोबाइल फोन और टैबलेट लेकर भाग गया।

भारत के विकास का मूलमंत्र है एकात्म मानववाद: अरूण कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- 60 साल पूरे होने पर दो दिवसीय सेमिनार हुआ शुरू

भारत के उत्थान के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानववाद का विचार दिया और यही भारत के विकास का मूलमंत्र है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद पर अभिभाषणों के 60 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शनिवार से नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय सेमिनार में यह संबोधन दिया। इस मौके पर उन्होंने प्रदर्शनी का शुभारंभ भी किया। अरूण कुमार ने कहा कि भगवान ने हर राष्ट्र को एक अलग उत्तर शीट दी है इसलिए आप किसी को कॉपी करके परीक्षा पास नहीं कर सकते हैं। यहां सेमिनार के विभिन्न सत्रों को डॉ महेश चन्द्र शर्मा, केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण एवं भूपेन्द्र यादव, शिव प्रकाश, डॉ एम एस चैत्रा, डॉ सुकंदा मजूमदार और प्रफुल्ल केतकर ने संबोधित किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार के अंतिम सत्र की अध्यक्षता की।

अरूण कुमार एवं एकात्म मानववाद संस्था से महेश चन्द्र शर्मा आदि ने दीप प्रज्वलन किया। इसके बाद श्यामा प्रसाद मुखर्जी रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिर्वाण गांगुली, पी.पी.आर.सी. के निदेशक सुमित भसीन एवं प्रभात प्रकाशन के प्रभात कुमार ने गणमान्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ, पटका एवं स्मृतिचिंह भेंट किया। इस मौके पर सभागार में देशभर से आये बुद्धिजीवी प्रतिभागियों के साथ भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष, सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, राष्ट्रीय संगठक वी. सतीश, राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह एवं तरुण चुघ, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सांसद आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

डेंगू की रिपोर्ट कब जारी करेगी भाजपा, उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के विपक्ष में रहते समय भाजपा नेता मानसून सीजन आते ही सत्तादल आम आदमी पार्टी पर डेंगू मलेरिया रिपोर्ट नहीं जारी करने पर सवाल उठाते रहते थे लेकिन अब भाजपा को एक माह से अधिक का समय निगम की सत्ता में हो गया है और हर सोमवार को जारी होने वाली डेंगू मलेरिया रिपोर्ट का अभी तक कोई अता पता नहीं है। वहीं, इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के अध्यक्ष मुकेश गोयल का कहना है कि भाजपा ने निगम की सत्ता तो संभाल ली है लेकिन कई बार हुई बारिश से जगह-जगह होने वाले जलभराव के चलते मच्छरों की उत्पति हो गई है और डेंगू के आंकड़े भी छिपाने से इंकार नहीं किया जा सकता है। वहीं, सिविक सेंटर के गलियारों में भी डेंगू रिपोर्ट जारी नहीं होने से अब सवाल भी उठने लगे हैं।

एक होटल में सशस्त्र डकैती के आरोप में चार लोग गिरफ्तार, तीन नाबालिग हिरासत में

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली के पंजाबी बाग स्थित एक होटल में सशस्त्र डकैती करने की घटना में कथित संलिप्तता के लिए चार लोगों को गिरफ्तार किया गया और तीन नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान चंदन (20), शिवम (21), उपेंद्र (22), दर्पण (24) और तीन नाबालिगों के रूप में हुई है। उन्होंने 29 मई की तड़के नॉर्थ एवेन्यू रोड स्थित एक होटल से चाकू दिखाकर 50,000 रुपये नकद और दो मोबाइल फोन लूट लिए थे। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने कहा, ₹आरोपियों में से एक नाबालिग पहले होटल में सफाई कर्मचारी के रूप में काम कर चुका है। डकैती की योजना बनाने के लिए, वह अपराध करने से लगभग 30 मिनट पहले 'डिलीवरी बॉय' की टी-शर्ट पहनकर और खाद्य सेवा प्रदाता कंपनी के प्रतिनिधि के रूप में टोह लेने के लिये होटल में घुसा था।₹ पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) ने बताया कि तड़के करीब चार बजे आरोपी दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए, उनमें से चार लोग होटल में घुस गए जबकि बाकी तीन बाहर निगरानी कर रहे थे।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **चाँद उर्फ हड्डी पुत्रः मुमताज, पताः** मकान नं. ए-437, शकूर पुर जेजे कॉलोनी, दिल्ली, **FIR No. 366/2022, U/s 392/397/34 IPC,** थानाः रानी बाग, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **चाँद उर्फ हड्डी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **चाँद उर्फ हड्डी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 366/2022, U/s 392/397/34 IPC,** थानाः रानी बाग, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **चाँद उर्फ हड्डी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दीपक वत्स
अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (उ.-प.)
कोर्ट नं. 101, पहली मंजिल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/6883/OD/2025
(Court Matter)

intec CAPITAL LIMITED
SAPNE AAPKE, BHAROSA APNO KA

इंटेक कैपिटल लिमिटेड
सीआईएनः L74899DL1994PLC057410
पंजीकृत कार्यालयः 708, मंजूषा बिल्डिंग, 57 नेहरू प्लेस, नई दिल्ली - 110019
टेलीफोन : +91-11-46522200/300; फैक्स : +91-1146522333 वेबसाइटः www.inteccapital.com

31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए एकल और समेकित लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश
(प्रति इक्विटी शेयर डेटा को छोड़कर लाख रुपये में)

Sr. No.	Particulars	स्टैंडअलोन					समेकित				
		तिमाही समाप्त			वित्तीय वर्ष समाप्त		तिमाही समाप्त			वित्तीय वर्ष समाप्त	
		मार्च 31, 2025 लेखापरीक्षित	दिसंबर 31, 2024 अलेखापरीक्षित	मार्च 31, 2024 लेखापरीक्षित	मार्च 31, 2025 लेखापरीक्षित	मार्च 31, 2024 लेखापरीक्षित	मार्च 31, 2025 लेखापरीक्षित	दिसंबर 31, 2024 अलेखापरीक्षित	मार्च 31, 2024 लेखापरीक्षित	मार्च 31, 2025 लेखापरीक्षित	मार्च 31, 2024 लेखापरीक्षित
1	परिचालन से कुल आय	380.13	41.48	102.60	436.53	379.68	381.96	43.93	104.98	445.59	389.36
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर से पहले, असाधारण और/या असाधारण आइटम)	371.78	(48.00)	(854.95)	124.00	(1,691.67)	368.91	(49.69)	(45.83)	115.88	(887.89)
3	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पहले (असाधारण और/या असाधारण आइटम के बाद)	371.78	(48.00)	(854.95)	124.00	(1,691.67)	368.91	(49.69)	(45.83)	115.88	(887.89)
4	कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद)	312.62	(63.69)	(659.37)	30.04	(1,369.10)	309.76	(65.38)	149.75	21.92	(565.32)
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय [कर के बाद अवधि के लिए लाभ / (हानि) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)]	309.71	(63.17)	(658.91)	28.70	(1,367.00)	306.85	(64.86)	150.21	20.58	(563.22)
6	चुकता इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रु. 10/- प्रत्येक)	1,836.63	1,836.63	1,836.63	1,836.63	1,836.63	1,836.63	1,836.63	1,836.63	1,836.63	1,836.63
7	प्रति शेयर आय (अंकित मूल्य रु. 10/- प्रत्येक) [संचालन जारी रखने और बंद करने के लिए]	10.00	10.00	10.00	10.00	10.00	10.00	10.00	10.00	10.00	10.00
	1. मूल (रु. में):	1.70	(0.35)	(3.59)	0.16	(7.45)	1.69	(0.36)	0.81	0.12	(3.08)
	2. तनुकृत (रुपये में):	1.70	(0.35)	(3.59)	0.16	(7.45)	1.69	(0.36)	0.81	0.12	(3.08)

टिप्पणियाँ:
(1) उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल किए गए गैर-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.inteccapital.com पर उपलब्ध है।
(2) विस्तृत वित्तीय परिणामों और इस अर्क की लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई और सिफारिश की गई और 30 मई, 2025 को आयोजित अपनी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया। लेखा परीक्षकों ने हमारे वित्तीय परिणामों का लेखा परीक्षण किया है, जैसा कि सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत आवश्यक है।

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 30.05.2025

इंटेक कैपिटल लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षरकर्ता/-
संजीव गोयल
(प्रबंध निदेशक)
डीआईएन - 00028702